# इंवेस्टर्स समिट का पहला पूर्ण प्रोजेक्ट शुरू

## कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने महापौर संयुक्ता भाटिया संग किया द सेंट्रम का उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** राजधानी में यूपी इंवेस्टर्स समिट के पहले पूर्ण प्रोजेक्ट द सेंट्रम का शुक्रवार को उद्घाटन हुआ। सुशांत गोल्फ सिटी में छह एकड़ में बने इस प्रोजेक्ट से होटल इंडस्ट्री में जान आएगी। भारतीय संस्कृति और आधुनिकता के संगम वाले इस होटल के निर्माण में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दिया गया है।

होटल द सेंट्रम का उद्घाटन कानून मंत्री ब्रजेश पाठक व महापौर संयुक्ता भाटिया ने फीता काटकर किया। कानून मंत्री ने कहा कि इस होटल में आधुनिकता के साथ भारतीय परंपरा को भी शामिल किया गया है। इसके निर्माण में वोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दिया गया है। महापौर ने कहा कि लखनऊ आधुनिकता के दौर में अपनी संस्कृति को सहेजकर आगे बढ़ रहा है, यह होटल इसी का प्रमाण है। इस दौरान विधायक नीरज बोरा, सुधीर हलवासिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



द सेंट्रम होटल का फीता काटकर उद्घाटन करते विधि मंत्री ब्रजेश पाठक व महापौर संयुक्ता भाटिया। -संवाद

## पिलरलेस कन्वेंशन सेंटर सहित कई मायनों में बेहद खास



कार्यक्रम में मौजूद तमाम गणमान्य अतिथि। - संवाद

मानसिंह गोयल ग्रुप के चेयरमैन व द सेंट्रम के प्रमोटर सर्वेश गोयल ने बताया कि पहली इंवेस्टर समिट में प्रदेश सरकार के साथ इस होटल को बनाने का करार हुआ था, अब यह पूरा हुआ है। यह पहली इंवेस्टर समिट का पहला पूर्ण प्रोजेक्ट है। लखनऊ एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है जो बड़ी संख्या में घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करता है। इसको ध्यान में रखकर ही इसे तैयार किया गया है। इसके छत की सीलिंग में चिनहट के पॉटरी पॉट्स के प्रयोग से लेकर राजस्थानी पत्थर के सुंदर इस्तेमाल ने इसकी भव्यता में चार चांद लगा दिए हैं। 116 कमरों के साथ तीन बैंक्वेट हॉल, स्वीमिंग पूल वाले इस होटल में पर्यटकों के लिए अलग से शॉपिंग एरिया तैयार किया गया है। इसके साथ यहां बना भव्य कनवेंशन सेंटर पूरी तरह पिलरलेस है।